दिनांकः 18.05.2025
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा से संसद मदन राठौड़ और पाली सांसद पी.पी. चौधरी सहित 17 सांसदो को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया हैं उन्होंने जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने, नीतिगत चर्चाओं में भागीदारी तथा विधायी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई हैं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने इनका चयन किया हैं दो संसदीय स्थाई समितियों को भी यह पुरूस्कार दिया जायेगां वित्त और कृषि दो स्थायी समितियों को भी संसद में प्रस्तुत उनकी रिपोर्टो के आधार पर चुना गया हैं

................................................

डूंगरपुर ज़िले में एक सडक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गयी और आठ अन्य घायल हो गयें दुर्घटना बीती रात साबला क्षेत्र में हुई शादी समारोह से लौट रहे परिवार की जीप बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयीं वही एक तेज रफ्तार ट्रक भी मौके पर पलट गयां जिससे कई लोग उसकी चपेट में आ गयें मृतक बाड़ीगामा बड़ी गांव के निवासी थें उधर चूरू जिले के सरदारशहर कस्बे में एक महिला समेत तीन बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गयीं बंधनाऊ दिखनादा गांव में तालाब से उनके शव बरामद किये गयें वही सवाई माधोपुर जिले में एक हादसे में मां–बेटी समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई यह घटना खंडार क्षेत्र में कल गोठ बिहारी गांव में हुई हादसा एक पुराने सैफ्टी टेंक की पटिटया गिरने से हुआं जिसके मलबे में दबकर इन्होंने मौके पर ही दम तोड दियां

................................................

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न प्रदेश भर में उत्साह के साथ जारी हैं विभिन्न स्थानों पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं इनमें बडी संख्या मे लोग हिस्सा ले रहे हैं इसी कडी में पाली, जालौर और जैसलमेर में आज तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत पाली में तिरंगा यात्रा में शामिल हुएं उधर अजमेर में आज तिरंगा वाहन रैली रखी गयी हैं

................................................

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हैं इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क दिया जा रहा हैं यह संग्रहालय और स्मारक देश की धरोहर को संजोए हुए हैं इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने रखने के लिए किया जाता हैं साथ ही शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करना भी इस दिन का उद्देश्य हैं प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं जोधपुर के राजकीय संग्रहालय में छाया चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी हैं ज़िले के मोकलावास गांव में क्यूरेटेड वाक भी रखी गयी हैं

................................................

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगां सवाईमानसिह स्टेडियम में यह मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगां पंजाब की टीम 11 मैचों से 15 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं वही राजस्थान की टीम प्ले ऑफ मुकाबलों से बाहर हो चुकी हैं उसके 12 मैचों में सिर्फ तीन अंक हैं उधर एक अन्य मुकाबला दिल्ली के अरूण जेटली स्टेंडियम में होगा शाम साढे सात बजे से होने वाले इस मैच में डेहली कैपिटल और गुजरात टाईटंस आमने–सामने होंगें आईपीएल प्रतियोगिता में अब तक बेंगलूरू पहले, गुजरात टाइटन्स दूसरे और पंजाब किंग्स तीसरे स्थामन पर हैं

................................................

प्रदेश में कल चार शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गयां वही श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआं पिलानी, फलौदी और चूरू सहित कई जगह हीटवेव के हालात रहें दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म रहीं 31.8 डिग्री के साथ बीकानेर की रात सबसे गर्म रहीं वही 25 शहरों का दिन पारा 40 पार और 7 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री के पार मापा गयांमौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिनों में तापमान में बढोतरी और हीटवेव की स्थिति रहने की संभावना जतायी हैं उधर धौलपुर, कोटपुतली, छीपा बडौद सहित कुछ स्थानों पर कल हल्की बारिश हुईं मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल जोधपुर और बीकानेर संभाग मे कुछ स्थानों पर धूल भरी हवाएं चलने की संभावना हैं वहीं राज्य के उत्तरी भागों में 19–20 मई को छुटपुट स्थानों पर दोपहर बाद हल्की बारिश हो सकती हैं

..................................................